ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596



राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022


## प्रेस–विज्ञप्ति

# राज्यपाल ने 'चिकित्सक दिवस' पर चिकित्सकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 01 जुलाई 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज 'चिकित्सक दिवस' के अवसर पर राज्य के सभी चिकित्सकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने 'शुभकामना संदेश' में कहा है कि 'कोविड–19' की वैश्विक महामारी के दौरान सभी भारतीय एवं बिहार राज्य के चिकित्सकों की निःस्वार्थ सेवाएँ, कर्त्तव्यपरायणता और मानवीय संवेदना अत्यन्त उत्कृष्ट कोटि की रही हैं, जिनको नमन किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा है कि अपनी जिन्दगी को भी दाँव पर लगाकर चिकित्सकों ने 'कोविड महामारी' के विरूद्ध लड़ाई में जिस निडरता, तत्परता और मानवीय भावना का परिचय दिया है, वह अत्यन्त अनुकरणीय है।

राज्यपाल ने 'चिकित्सक–दिवस' के अवसर पर सभी चिकित्सकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनकी सेवाओं को समस्त मानव–समाज के लिए प्रेरणादायी बताया है।

...............................................